प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में जनसभा को संबोधित किया।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए इसे जन–आंदोलन बनाने की अपील की।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीदी तय समय पर होगी।
- भोपाल में आज मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के जवान अपनी आधुनिक युद्ध और सुरक्षा क्षमताओं का सजीव प्रदर्शन करेंगे।

प्रधानमंत्री–पश्चिम बंगाल दौरा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पश्चिम बंगाल के कूचबिहार और मालदा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राज्य की कानून–व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया है। पीएम मोदी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को 'महासंग्रामी जंगलराज' का उदाहरण बताते हुए कहा कि जहाँ न्यायाधीश सुरक्षित नहीं, वहाँ आम जनता की सुरक्षा कैसे संभव है? प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए 33 प्रतिशत आरक्षण का संकल्प दोहराया और कहा कि भाजपा आज देश की नारी शक्ति की पहली पसंद बन चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

श्री मोदी आज असम का दौरा करने वाले हैं, जहाँ वे भवानीपुर–सोरभोग, होजाई और डिब्रूगढ़ में चुनाव प्रचार करेंगे। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कल असम के बिश्वनाथ और गोलाघाट में रैलियां कीं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पिछली विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए मुख्य वादों को पूरा करने में नाकाम रही। उन्होंने सत्ता में आने पर युवाओं के लिए रोज़गार, बेहतर स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मज़दूरी बढ़ाकर 450 रुपये करने का वादा किया।

सिकल सेल एनीमिया–राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन को एक जन–आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। बीते कल रविवार को बदनावर में मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'सबका साथ–सबका विकास' के मंत्र से ही इस अनुवांशिक बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता

है।राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश में अब तक एक करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं और जनजातीय क्षेत्रों में जागरूकता के लिए 'सिकल सेल मित्र' तैनात किए जा रहे हैं।

## गेहूं उपार्जन बैठक–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में गेहूं उपार्जन के संबंध में गठित मंत्री समूह और कृषक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार हर कदम पर किसानों के साथ है और गेहूं की खरीदी तय समय पर ही शुरू होगी।बैठक में निर्देश दिए गए कि उपार्जन प्रक्रिया में पहले छोटे किसानों का गेहूं खरीदा जाए, जिसके बाद मध्यम और बड़े किसानों की बारी आएगी। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभागों में 10 अप्रैल से खरीदी प्रारंभ होगी। प्रदेश में बारदाने की कोई कमी नहीं है और किसानों को 2,625 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी दिया जाएगा।

## 'उन्नत कृषि महोत्सव–रायसेन

रायसेन के दशहरा मैदान में आगामी 11 से 13 अप्रैल तक 'उन्नत कृषि महोत्सव' का आयोजन होने जा रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह तीन दिवसीय ज्ञान महाकुंभ किसानों की आय और तकनीक को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। महोत्सव में 'कचरे से कंचन' यानी पराली प्रबंधन, ड्रोन तकनीक और मृदा परीक्षण जैसे आधुनिक विषयों पर देश के दिग्गज वैज्ञानिक किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही नुक्कड़ नाटकों और लाइव मॉडल के जरिए प्राकृतिक खेती और डेयरी संवर्धन के गुर सिखाए जाएंगे।

## अशोकनगर–सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल अशोकनगर के ईसागढ़ में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत हजारों लाभार्थियों को पक्के घरों के स्वीकृति पत्र सौंपे और गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर पात्र परिवार को अपना घर देने का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत केंद्रीय मंत्री ने ईसागढ़ की ऐतिहासिक 'फूँक बावड़ी' का निरीक्षण कर इसके जीर्णोद्धार का संकल्प दोहराया। जनपद मैदान में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में उन्होंने स्व–सहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए।

## राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–प्रदर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य की मौजूदगी में आज भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड द्वारा 'समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ब्लैक

कैट कमांडो एमआई–17 हेलीकॉप्टर से स्लिथरिंग, हाउस इंटरवेंशन और एंटी–ड्रोन तकनीक जैसे आधुनिक सुरक्षा कौशलों का लाइव प्रदर्शन करेंगे।

## अच्छी खबर–शिवपुरी

शिवपुरी जिले के किसान महिम भारद्वाज ने जैविक खेती की नई राह दिखाई है। महिम का यह नवाचार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है। आईए और अधिक जानकारी लेते हैं हमारे शिवपुरी संवाददाता रंजीत गुप्ता से....

### वीओ– रंजीत गुप्ता, संवाददाता शिवपुरी

प्रगतिशील किसान महिम भारद्वाज स्वयं अपने खेत जो शिवपुरी के बड़ा गांव में स्थित है वहां पर फार्मर्स प्राइड के डायरेक्टर और शिवपुरी ऑर्गेनिक्स के पार्टनर के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राहकों की जैविक सब्जी के प्रति निरंतर मांग आ रही थी इसके कारण वह स्वयं बड़ा गांव फार्म पर जैविक ढंग से सब्जी उगाना शुरू की।

बाइट– महिम भारद्वाज किसान

शिवपुरी के प्रगतिशील किसान महिम भारद्वाज की इस पहल से कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी भी खुश हैं। उनका कहना है कि इससे शिवपुरी के अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मुकेश भार्गव ने बताया कि

## जन विश्वास विधेयक

केंद्र सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने के लिए जन विश्वास विधेयक 2026 के माध्यम से एक ऐतिहासिक पहल की है। इस विधेयक के तहत 23 मंत्रालयों के 79 अधिनियमों में 784 संशोधन किए गए हैं, जिससे एक हजार से अधिक छोटे अपराधों को श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। अब मामूली तकनीकी चूकों पर जेल की सजा के बजाय केवल नागरिक दंड या चेतावनी का प्रावधान होगा। मोटर वाहन अधिनियम में लाइसेंस रिन्यूअल के लिए 30 दिनों की रियायत और एमएसएमई के लिए अनुपालन बोझ में कमी जैसे सुधारों से आम जनता और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## अनूपपुर हादसा–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा में हुए दुखद भवन हादसे के मृतकों के परिजनों को कुल 9–9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। सहायता राशि में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, संबल योजना और रेडक्रॉस की राशि शामिल है। साथ ही, घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये की मदद दी जाएगी।

## आईपीएल–क्रिकेट

आई.पी.एल. क्रिकेट में कल रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रन से हरा दिया। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने निर्धारित बीस ओवर में तीन विकेट पर दो सौ 50 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की पूरी टीम 207 रन पर सिमट गई। कल के पहले मुकाबले में, लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया। आज कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- रीवा जिले में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के निर्देश दिए।
- नर्मदापुरम के माखन नगर में राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती और गौरव दिवस पर सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मजुदगी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें सुरेंद्र शर्मा और नीलोत्पल मृणाल जैसे प्रख्यात कवियों ने काव्य पाठ किया।
- जबलपुर के शहीद स्मारक में आयोजित 12 दिवसीय पुस्तक मेले का समापन हुआ, जहाँ छात्रों को रियायती दरों पर शैक्षणिक सामग्री मिली और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें बांटी गईं।

———————————